अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम- वार्षिक अधिवेशन
२८.१०.२०२३

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम का 11वाॅ राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन ज्ञानतीर्थ मुरैना में 28 अक्टूबर 2023 रविवार को आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि रहे समाज रत्न श्री योगेश कुमार जैन अध्यक्ष सिद्ध क्षेत्र कमेटी सोनागिर एवं अध्यक्ष ज्ञानतीर्थ मोरेना तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में हमारे बीच जैन बैंकर रत्न श्री आरसी लोढ़ा जी रिटायर्ड कार्यकारी निदेशक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भीलवाड़ा, एवं श्री अरविंद कुमार जैन रिटायर्ड कार्यकारी निदेशक पंजाब एवं सिंध बैंक नोएडा रहे तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अशोक कुमार जैन रिटायर्ड महा प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जयपुर, श्री पुनीत कुमार जैन, रिटायर्ड महा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक दिल्ली, श्री पी के जैन रिटायर्ड महा प्रबंधक एसबीआई गुरुग्राम, श्री उमेश जैन महाप्रबंधक रिटायर्ड पीएनबी नोएडा एवं श्री ज्ञानेंद्र कुमार जैन अध्यक्ष राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक जयपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से फोरम की 12 शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री एवं लगभग 100 से भी अधिक सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरुग्राम यूनिट से पधारी महिलाओं ने मंगलाचरण द्वारा की। उसके बाद श्री जे के जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया गया एवं फोरम के उद्देश्य को विस्तार से बताया गया।

राष्ट्रीय महासचिव सोम प्रकाश जैन द्वारा फोरम की गत वर्ष की गतिविधियां विस्तार से प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हमारी अधिकांश शाखाएं फोरम के कार्यक्रमों में अपनी रुचि ले रही हैं, उन्होंने मुजफ्फरनगर एवं भोपाल शाखा द्वारा समाज के दो परिवारों की किस प्रकार सहायता की गई उसका उल्लेख किया। महा मंत्री ने सूचित किया कि फोरम के पंजीकरण की प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके लिए फोरम के बायलाज मे निम्नलिखित बदलाव किया गया है।

"फोरम का पंजीकृत कार्यालय राष्ट्रीय महासचिव/राष्ट्रीय अध्यक्ष का निवास होगा, जब तक फोरम का अपना कार्यालय नही बन जाता"।

महासचिव ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों से भी अनुरोध किया कि वे समय-समय पर जैन समाज के समक्ष आने वाली बैंक की समस्याओं के समाधान के संबंध में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि हम उनकी समस्याओं का समाधान कर सके।

इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रारंभ होने से पूर्व आचार्य ज्ञानसागर महाराज जी की परम शिष्या परम विदुषी अनीता दीदी द्वारा अपना आशीर्वाद एवं संबोधन सभी को दिया गया। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री के जाने के बाद भी कि किस प्रकार जैन बैंकर फोरम अपनी सेवाओं के माध्यम से आचार्य श्री के दिखाए हुए मार्ग को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है उन्होंने कहा हमें निरंतर आगे बढ़ते रहना है।

इस अवसर पर सम्मानित वक्ताओं के रूप में जैन बैंकर रत्न श्री आरसी लोढ़ा जी, रिटायर्ड कार्यकारी निदेशक सेंट्रल बैंक, श्री अरविंद कुमार जी जैन रिटायर्ड कार्यकारी निदेशक पंजाब एंड सिंध बैंक, श्री अशोक कुमार जी जैन रिटायर्ड महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, श्री पुनीत कुमार जी जैन, रिटायर्ड महाप्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, श्री पी के जैन रिटायर्ड महाप्रबंधक एसबीआई गुरुग्राम, श्री श्री उमेश जैन महाप्रबंधक पीएनबी नोएडा एवं श्री ज्ञानेंद्र जैन अध्यक्ष राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक जयपुर एवं श्री आर के जैन कार्यकारी अध्यक्ष तथा ज्ञानतीर्थ के अध्यक्ष श्री योगेश कुमार जैन जी ने भी अपना संबोधन दिया.

कार्यक्रम के दौरान श्रीमती अनीशा जैन सिंगोली (नीमच) एमपी ने अपनी मधुर वाणी में कई भजन सुनाए। मुरैना महिला मंडल की बच्चियों ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी जिसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। गुरुग्राम से पधारे वरिष्ठ सदस्य श्री राकेश जैन का अध्यात्म में विशेष रुचि के लिए सम्मान किया गया।

सप्तम पट्टाचार्य आचार्य 108 श्री ज्ञेय सागर महाराज ने अपने आशीर्वचन के दौरान जगह-जगह जैन स्कूलों की स्थापना "ज्ञान मंदिर" के नाम से करने की सलाह दी। और कहा कि इन स्कूलों में शिक्षा फ्री नहीं होनी चाहिए।

इसके उपरांत विभिन्न शाखाओ द्वारा वर्ष 2022-23 के दौरान की गई गति विधियो के आधार पर प्रेषित की गई प्रगति रिपोर्ट के आंकलन के अनुसार शाखाओ को निम्नलिखित प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया गया :

1- सर्वोत्तम शाखा - गुड़गांव

2- प्रथम रनरअप सर्वोत्तम - भोपाल

3- प्रथम रनरअप सर्वोत्तम - आगरा

4- द्वितीय रनरअप सर्वोत्तम- गाजियाबाद

5- सर्वाधिक सदस्य वृद्धि - गुड़गांव

6- सक्रिय शाखा - ललितपुर

7- सक्रिय शाखा - कोटा

8- सक्रिय शाखा - टी एच गाजियाबाद

9 - सक्रिय शाखा - मुजफ्फरनगर

कार्यक्रम के अंत में फोरम के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री भागचंद जैन ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

जेके जैन	**सोम प्रकाश जैन**	**आर के जैन**	**बी एस जैन**
राष्ट्रीयअध्यक्ष	**राष्ट्रीयमहासचिव**	**राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष**	**कोषाध्यक्ष**

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम के 11वीं राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का हम राष्ट्रीय केंद्रीय कार्यकारिणी की ओर से ह्रदय से आभार व्यक्त करते हैं। आप सभी की उपस्थिति के कारण ही यह अधिवेशन एक यादगार अधिवेशन रहा जिसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं विशेष रूप से इस कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथिगण वरिष्ठ अधिकारी गण का भी हम ह्रदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने अपने बहुमूल्य समय में से समय निकालकर अपनी सहभागिता हमें दी जिसके लिए हम उनके ह्रदय से उनके आभारी हैं।

जेके जैन	**सोम प्रकाश जैन**	**आर के जैन**	**बी एस जैन**
राष्ट्रीयअध्यक्ष	**राष्ट्रीयमहासचिव**	**राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष**	**कोषाध्यक्ष**